दिनांक 13 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मच्छर उन्मूलन एवं नियंत्रण के लिए टेमीफास का किया जा रहा है वितरण एवं बताएं जा रहे हैं उपयोग के तरीके

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर मच्छर उन्मूलन एवं नियंत्रण के तहत डेंगू मच्छर के लार्वा को मूल रूप से नष्ट करने के लिए टेमीफास का निशुल्क वितरण निगम क्षेत्र अंतर्गत किया जा रहा है! प्राय: डेंगू मच्छर के लार्वा घरों के कूलर में एवं जहां पर जलजमाव होता है वहां पनपते हैं इनके अंडे कूलर के आसपास चिपके हुए रहते हैं जोकि बाद में अनुकूल परिस्थिति में आते ही लार्वा के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं और जलजमाव वाले स्थलों में तैरते रहते हैं इसके बाद यह लार्वा से मच्छर का रूप धारण कर लेते हैं तथा विभिन्न स्थलों में फैलकर मानव शरीर को अपने डंक से हानि पहुंचाने का कार्य करते हैं और डेंगू बीमारी का कारण बनते हैं! इनको अंडे एवं लार्वा के स्तर पर ही समाप्त करने के लिए ताकि यह मच्छर के रूप में न बदल सके टेमीफास का वितरण किया जा रहा है आयुक्त महोदय द्वारा स्वयं जोन क्रमांक 3 क्षेत्र सहित कई स्थलों पर टेमीफास का उपयोग का तरीका बताते हुए वितरण किया गया है! निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जोन क्षेत्रों मे स्वास्थ्य अमला के माध्यम से टेमीफास का वितरण वर्तमान में किया जा रहा है तथा इसके उपयोग व सावधानी के तरीके भी बताए जा रहे हैं!

स्वास्थ्य विभाग के.के. सिंह द्वारा जानकारी दी गई की विगत माह से लेकर अभी तक नेहरू नगर जोन के द्वारा 810 बॉटल, वैशाली नगर जोन के द्वारा 1050 बॉटल, मदर टैरेसा नगर जोन 3 के द्वारा 435 बॉटल, शिवाजी नगर जोन के द्वारा 1170 बॉटल एवं रिसाली जोन के द्वारा 988 बॉटल एवं शिविर के माध्यम से 70 बॉटल इस प्रकार कुल 4523 बॉटल टेमीफास का वितरण किया जा चुका है!

आयुक्त श्री सुंदरानी ने अपील किया है कि टेमीफास का उपयोग बहुत ही सावधानीपूर्वक करना होता है इसे बच्चों से भी दूर रखें, निर्धारित मात्रा का ही उपयोग करें तथा मच्छरों से बचाव हेतु मच्छर जाली का उपयोग करें , शौचालयों में लगे गैस पाइप में निगम द्वारा प्रदत जाली का उपयोग कर मच्छर उन्मूलन एवं नियंत्रण में सहयोग करें!

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''